श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान का मुखपत्र

Regd - GUJMUL00665

# यथार्थ मार्ग



Email : info@gopinathji.org Visit us : www.gopinathji.org facebook : ShreeGopinathji Whatsapp - 8141054545

वर्ष – प्रथम ● अंक – ६ जून/जुलाई २०१८ ● शुल्क मासिक २०/ वार्षिक २००/ विदेश – USA $ 35, UK £ 30 ● कुल पृष्ठ ८ पृष्ठ क्रं. १

संस्थापक एवं मार्ग दर्शक – पुष्टि सिद्धान्त मर्मज्ञ पू श्री व्रजेश कुमारजी शास्त्रीजी सम्पादक – वेदान्ताचार्य पू.श्री गिरिराजजी शास्त्री

## सम्पादकीय

श्री गिरिराजजी शास्त्री

समस्त प्रकृति काल कर्म और स्वभाव से चलती है। प्रकृति सास्वत है पर उसमें निहित काल, कर्म और स्वभाव परिवर्तन शील हैं। इसी प्रकार यथार्थ सनातन है लेकिन जीव उसे काल, कर्म, स्वभाव और अपनी अपनी प्रकृति के अनुसार ग्रहण करता है और परिवर्तन शील मान कर बदलने की अपेक्षा रखता है। शास्त्रों के अध्ययन की कमी और सिद्धांतों की समझ न होने से यथार्थ को स्वीकार नहीं कर पाता या यूं कहें कि सुविधाजनक न जान कर यथार्थ में भी परिवर्तन चाहता है। परिवर्तन मान्यताओं में तो संभव है सिद्धांतों में नहीं। सिद्धान्तों की समझ योग्य शास्त्रों की गूढ़ता को जानने वाले विद्वतजनों से मिल सकती है लेकिन तभी जब तत्परता और तैयारी दोनों पक्षों की ओर से हो। विडम्बना यह है कि आज के समय में नासमझी भरे दिखावे की होड़ लगी हूई है। विदेशों में हिंदू शास्त्रों के मंत्रों का जप और विधिवत यज्ञ करने को बढ़ावा दिया जा रहा, उनके प्रति समझ अध्ययन अध्यापन द्वारा विकसित की जा रही और हम अपने सनातन धर्म की उपेक्षा कर रहे!! कहीं ऐसा न हो कि जिस प्रकार अनेक अस्त्र शस्त्र और विज्ञान के आविष्कारों को आज विदेशियों द्वारा किया हुआ जानते हैं जिनके बारे में शास्त्रों में बहुत पहले ही वर्णन मिलता है, उसी प्रकार धर्म के सिद्धांतों को हमारे ऋषियों के नाम से जानने के स्थान पर किन्हीं और के नाम पर बताया जाने लगे और हम कुछ न कर पाये।।

एक छोटी सी पहल हमारे गौरवशाली इतिहास को वर्तमान का गौरव बना सकती है। स्वयं अपनी सनातन संस्कृति और मूल्यों को जीवन शैली में उच्चस्थान दे कर अपनी संतानों में भी इसे रोपित करना कोई कठिन काम नहीं बस आवश्यकता है तो मूल सिद्धांतों के प्रति सम्मान पूर्वक समझ विकसित कर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने की कटिबद्धता की और बाहरी चकाचौंध जीवन की सार्थकता नहीं है यह समझने और समझाने की।

## આચાર્ય વચનામૃત



પૂ. પા. વૈષ્ણવાચાર્ય ગો. ૧૦૮ શ્રીયોગેશ્વરજી મહોદયશ્રી

ભગવદ્રસ થી ભરપૂર થવા માટે સર્વ પ્રથમ -દેહ ધર્મો,ઈન્દ્રિય ધર્મો,પ્રાણધર્મો,અને અંતઃકરણના ધર્મોને સમજવા અત્યંત જરુરી છે. શ્રીશુકદેવજી મહારાજે દામોદરલીલા ના પ્રસંગમાં સમસ્ત ઈન્દ્રિયોનો ભગવાનની અંદર વિનિયોગ કેવીરીતે કરવો તેનો ઉત્તમ માર્ગ બતાવ્યો છે.

वाणी गुणानुकथने श्रवणौ कथायां हस्तौ च कर्मसु मनस्तव पादयोर्नः ।
स्मृत्यां शिरस्तव निवासजगत्प्रणामे दृष्टिः सतां दर्शनेस्तु भवत्तनूनाम् ।।

આ શ્લોકની અંદર શ્રીશુકદેવજી મહારાજ પરીક્ષિત રાજાને ખૂબસુંદર અવબોધ આપતા સમજાવે છે કે જેવો ભાવ યમલાર્જુને પ્રભુ સન્મુખ પ્રગટ કર્યો તેવો જ ભાવ આપણાં માં સદાય રહેવો જોઈએ કે :- હે પ્રભુ મારી વાણી આપના ગુણાનુકથનમાં જ આસક્ત રહો , મારા કાન સદૈવ આપની કથામાં જ આસક્ત રહો, મારા બંનેવ હાથ આપના અર્થે કર્મ કરવામાં ( સેવા-શ્રૃંગાર-સામગ્રી અને આપના સુખ હેતુ સેવા અર્થે ) જ આસક્ત રહો, મારુ મન આપના ઉભય ચરણારવિંદોમાં આસક્ત રહી એના મકરંદનુ પાન કરવા તત્પર રહો, અને મારી સ્મૃતિ આપની નિકુંજધામાદિ લીલાઓમાં વિહાર કરતી રહો, અને મારી દ્દષ્ટિ સંતોના અને ભગવદીયોના ગુરુજનોંના દર્શન માં અને સર્વ માં સદ્દર્શન કરનારી રહો અને એ કરતા કરતાં આપના જ નખ શિખાંત સ્વરૂપના દર્શનમાં આસક્ત બની સ્થિર રહો, હે જગદીશ્વર વારંવાર આપને હું (દાસ) પ્રણામ કરું છું . આ પ્રકારે શ્રીમદ્ ભાગવતજી અને ભક્તો આપણને સંપૂર્ણ દેહ-ઈન્દ્રિય-પ્રાણ-અંતઃકરણ ચતુષ્ટય ને ભગવદ્ગામી કરવાનો સુંદર ભાવ અને ઉપાય સૂચવે છે .

હવે આપણે આગળ અહીં અધ્યાસ અને અધ્યાસ નિવૃત્તિના ઉપાયો નો વિચાર કરશું .

(ક્રમશઃ)

## यथार्थ

श्री गिरिराजजी शास्त्री



## क्या है यथार्थ ? और क्यों आवश्यक है अब ?

हरेक साधना की अपनी एक सुव्यवस्थित प्रणाली होती है और उस साधना के आयाम होते है तो हमें पहले यह तय करना है कि हम क्या साधना चाहते हैं और उस हेतु कौनसी साधना पद्धति हमारे लिये उपयुक्त श्रेष्ठ एवं हितकारी है। अन्यथा जैसे कला के विद्द्यार्थी को विज्ञान की शिक्षा दी जाये तो न विज्ञान समझ पायेगा न कला का वह रहेगा, एक संभावना यह हो सकती है और एक यह भी कि वह विज्ञानमय कला या कलामय विज्ञान का नया कोई एक विषय प्रस्तुत करले ! पर यह तब ही संभव है जो बात हमने प्रारंभ में कही थी कि :- ( प्रणाली की क्षमता और गुरु की योग्य शर्णागति ही साधक में-साधना में-जीवन यथार्थमार्ग यात्रा में प्रमुख चीजें हैं जिससे उच्चतम उपलब्धियों को जीवन पर्यंत गृहस्थ रहकर भी प्राप्त कर सकते हैं कोई भी )

क्यों कि जब भी हम कुछ सोचते विचारते हैं और बोलते हैं तब मन के साथ साथ शरीर में भी अलग सी तरंगें उठती हैं और वह तरंगें ब्रह्माण्ड की ऊर्जा के साथ मिल जाय उतनी परिपक्च ऊर्धगामी होती है तब अलौकिक शक्तियों का संचार अपने आप होने लगता है और धीरे धीरे वह शक्ति आपके अंदर एक दिव्य प्रकाश को प्रकट करती है और उसी दिव्य प्रकाश से दिव्य ज्ञान अपने आप हृदय में प्रकट होता है जैसा श्वेताश्वतर उपनिषिद् में कहा है।

‘‘यस्य देवे पराभक्तिः यथा देवे तथा गुरौ, तस्यैते कथिता ह्यर्था, प्रकाशन्ते महात्मनाः।।’ और गीताजी बताती हैं वैसे- ‘‘सत्वात संजायते ज्ञानम् ज्ञानत शांतिरनन्तरम।।‘‘ अपने आप यह प्रक्रिया होती है यही यथार्थ है सनातन सत्य है... किन्तु हमें इस मार्ग की पहचान और उसकी साधना प्रणाली जानना नितांत आवश्यक है तब ही हम वास्तविक जीवन के अमृत के उस स्तर पर पहुंच सकते हैं।।

# એકાદશ સ્કંદ સુબોધિની



- પ્રવક્તા -
પૂ.પા.ગો શ્રીચન્દ્રગોપાલજી મહારાજશ્રી, વડોદરા

વૈરાગ્ય એટલે જગતના દરેક વિષય અને પદાર્થ માં જગત ની દરેક મમ તાસ્પદ વિષયોની અંદરથી ચિત્ર હટી જઈ અને એક માત્ર કૃષ્ણની અંદરજ આપણો અનુરાગ બને, અને તેને માટે ચિત્ર તૈયાર થાય ત્યારે વૈરાગ્ય કહેવાય.

તે પછી સાંખ્ય, સાંખ્ય એટલે ? સંખ્યા. એને કહેવાય છે જ્ઞાન. વૈરાગ્ય થયા પછી જ્ઞાન થવુ જરૂરી છે. વૈરાગ્ય થયા પછી જ્ઞાન ના થાય તો સાયકોલોજીનો આઘાત લાગે. વૈરાગ્ય સાથે જો જ્ઞાન થાય તો મનને આઘાત ન લાગે. મારી પત્નિએ મને દગો આપ્યો, પતિએ મને દગો આપ્યો તેનાથી વૈરાગ્ય થયો પરંતુ આ દુનિયા આવી છે, આપડે પણ એવાજ છીએ. વૈરાગ્ય સાથે જ્ઞાન થવુ જરૂરી છે. તો જ્ઞાન કયુ ? આ એકાદશ સ્કંધને આધારે બતાવી રહ્યો છું.

એકાદશ સ્કંધનો વૈરાગ્ય અને એકાદશ સ્કંધનું જ્ઞાન, કારણકે પહેલા અધ્યાયની અંદર શ્રાપની કથા આપી. વૈરાગ્યનું નિરૂપણ કરવામાં આવ્યું છે. હવે સાતમે દિવસે મરવાનુજ છે. આ વૈરાગ્યનું સાચુ સ્વરૂપ. હવે શ્રાપ થયો છે એટલે મરવાનાજ છીએ. જે દિવસે દર્દીને આવીને ડો. કહી જાય હવે આ ભાઈ ચાર પાંચ દિવસનાજ મહેમાન છે તે પછી – અબ ન સુહાય વિષય રસ.

જો આપણને આપણા જીવનમાં મૃત્યુ અવિશ્યંભાવી રૂપમા જો બુદ્ધિમાં દેખાઈ જાય તો આપણને વૈરાગ્ય થઈ જાય. આપણને વૈરાગ્ય નથી થતો તેનું કારણ, આપણે જાણીએ છીએ આપણે મરવાના છીએ પરંતુ બુદ્ધિની અંદર એની સ્થિતિ નથી ઔપચારિક જ્ઞાન છે કે મરવાના છીએ. સો ટકા આપડે ફાફા મારીએ છીએ. બુદ્ધિની અંદર એવુ પડેલુ પણ છે કે એકવાર મંગળના જાપ કરીએ તો જીવી જવાય પછી જોઈ લઈશુ. પરંતુ મૃત્યુ ને વ્યવસ્થિત પોતાની બુદ્ધિમાં જાણી લે છે મહાપ્રભુ લખે છે – કાળથી બચવા મનુષ્યો પ્રયત્ન કરે છે તે પ્રયત્નો કેવા છે ? ભાઈ સ્વેટર પહેરી લે બહુ ઠંડી છે કેમ ? કદાચ કાંઈ થઈ જશે તો ? જીવવા માટે આપડે કેટલા પ્રયત્નો કરીએ છીએ. મહાપ્રભુજી કહે છે આપ્રયત્ન તે તો કાળની રમત છે. બિલાડી ઉંદરને પકડવા જાય ત્યારે ઉંદરને પહેલા રમાડે. ઉંદરડો ભાગવાના પ્રયત્ન કરે પરંતુ તેને ખબર નથી કે બિલાડીની એકજ છલાંગમાં તેનો એકાદશીનો ફ્રુલાહાર થઈ જવાનો છે. ત્યારે મર્ત્યો મૃત્યુ વ્યાલ ભિતઃ પલાયન – વ્યાલ એટલે કાળ. એટલે આપડા જીવનમાં પણ વૈરાગ્ય ક્યારે થાય ? જ્યારે અવશ્યંભાવી મૃત્યુનો વિષય સમજાઈ જાય. આ દુનિયામાં સો વર્ષનું કોઈ મહત્વ નથી, એકસો વિસ વર્ષના આયુષ્યનું કોઈ મહત્વ નથી. આજે અમારી સામે ઘણા સીનીયર સિટીજન્સ બેઠા છે, હું પણ છું. પ્રશ્ન પુછો પોતાની જાતને સાઠ વર્ષ ક્યા ગયા કોઈને કાંઇ ખબર છે ? સો વર્ષનુ આયુષ્ય, સાંઠ વર્ષ તો ચાલ્યા ગયા. સો કે ભયે સાંઠ, આધે ગયે નાઠ, દસ દેંગે, દસ દિલાયેંગે, અબ દસકી લેની દેની ક્યા ? જે રીતે સાઠ ગયા તે તેવી રીતે બાકીના સો પણ પૂરા થઈ જવાના છે. ખબર નહિ પડે. ત્યારે મનુષ્યને બુદ્ધિની અંદર જ્ઞાન થઈ જવુ જોઈએ. એજ ભગવાને એમને જ્ઞાન આપ્યુ. અમારા જેવા વક્તા બહુજ બોલતા હોયને ચૂપ ના થતા હોય તે વખતે એલારામ મૂકવામાં આવે. હવે પાંચ મિનિટમાં તમારે ચુપ થઈ જવાનું છે. તેવીજ રીતે ભગવાને યાદવો ને પણ એલારામ આપેલુ અને ઋષિઓ પાસે શ્રાપ અપાવ્યો. મહાપ્રભુ કહે છે આ બધા ઋષિઓતો કૃષ્ણ ભક્ત હતા અને કૃષ્ણ ભક્ત ઋષિઓ કૃષ્ણ ને શ્રાપ આપે તે બનવા જોગ નથી છતાં પણ આપ્યો છે તે કૃષ્ણેજ અપાવ્યો છે. આની અંદર ભગવાને વૈરાગ્ય પૈદા કર્યો. આપણામાં વૈરાગ્ય થવાનો નથી પરંતુ આપણામાં પણ વૈરાગ્યની ઉત્પત્તિ ભગવાનજ કરે છે એટલે પહેલે નંબરે વૈરાગ્ય.

ત્યાર પછી આવ્યો બીજો અધ્યાય. સાંખ્ય, સાખ્ય એટલે સંખ્યા સંખ્યા એટલે જ્ઞાન. જ્ઞાન થવુ જોઈએ. જ્યારે આપણને વૈરાગ્ય થઈ જાય તે પછી છે જ્ઞાન ભગવદ્ ધર્મોનુ. ભગવદ્ ધર્મોનું આચરણ કરવાનુ. દરેક મનુષ્યે પોતાના જીવનમાં શેનુ આચરણ કરવુ ? તો કહે ભગવદ્ ધર્મોનુ. ભગવદ્ ધર્મ એટલે જેના વડે જીવની ભગવાનમાં યોજના થાય તે ભગવદ્ ધર્મ. અને એ ભગવદ્ ધર્મોનુ નિરૂપણ આના સ્થાને નરો રાજન વિ. વાક્યોથી કરવામાં આવ્યુ છે કે જે ભગવદ્ વાક્યોને જ્ઞાન કર્મ ને ભક્તિ રૂપે કહેવાયેલા છે. જ્ઞાન પણ ભગવદ્ ધર્મ છે. કર્મ પણ ભગવદ્ ધર્મ છે. અને ભક્તિ પણ ભગવદ્ ધર્મ છે. હવે આપણા પુષ્ટિમાર્ગની અંદર નિત્યનુ સમર્પણ એ પણ ભગવદ્ ધર્મ છે. એજ આપણુ સાંખ્ય છે. આપણે જાણવા જેવુ શુ છે આ દુનિયામાં ? વૈરાગ્ય થયા પછી શુ જાણવુ ? જ્યારે દુનિયા અસાર લાગે જ્યારે નક્કીજ થઈ ગયુ છે કે તુ મરવાનોજ છે. તો જે મરનાર વ્યક્તિ છે તેને શેનુ આચરણ કરવાનુ છે ? દવા પીવાની, પરંતુ તમે મરવાના છો તે નક્કી થઈ ગયુ તો પછી શુ કરવું તેનો નિશ્ચય કરવાનો છે અને તે નિશ્ચયનો વિષય તે ભગવદ્ ધર્મો છે. જે ભગવદ્ ધર્મો નુ નિરૂપણ કવિને હરિ દ્વારા આ બીજા અધ્યાયમાં કરવામાં આવ્યુ છે. વૈરાગ્ય સાંખ્ય પછી યોગ.

અંહિયા યોગ પણ વિશેષ અર્થમાં છે. કયો યોગ ? દેહાધ્યાસ, ઈન્દ્રિયા ધ્યાસ, પ્રાણાધ્યાસ, પ્રાણાધ્યાસની અંદર્ તેની નિવૃત્તિ યોગથી. સાધારણ રીતે એવુ દેખાય છે કે યોગ સે પ્રાણોનું નિયમન કરે છે એટલે આપડે એમ માની લઈએ છીએ કે આ પાતંજલીયોગ પરંતુ એવું નહિ. આપણા જીવનમાં માયાનુ સ્વરૂપનું જ્ઞાન તે યોગ છે. માયાના સ્વરૂપનું જ્ઞાન અને તેને તરવાનો ઉપાય, ભગવાને એકાદશ સ્કંધમાં ઉદ્ધવ ગીતાની અંદર આજ અર્થમાં યોગ શબ્દ પ્રયોજીત કરેલો છે. અને યોગ શાસ્ત્રામાં પણ જે યોગ શબ્દ છે તે પણ આજ અર્થમાં છે. પતંજલ મહર્ષિ જે યોગ બતાવે છે કે માયાને તરીને જીવ પોતાના સ્વરૂપની અંદર સ્થિતિ કરી શકે એ આપવાનો પ્રયત્ન પતંજલીએ કર્યો એટલે મેઆ યોગનુ સૂત્ર તમારી સામે કહ્યુ. તદા વસ્તુ અવસ્થાન યોગા કેમ કરવાના છે ? વાળ કાળા કરવામાટે નહિ. વાળ કાળા થઈ જાય તેની સામે આપણને કોઇ વાંધો નથી. યોગ કરવાથી અગરજો દેહની શુદ્ધિ થાય છે, તો તે ચોક્કસ થવી જોઈએ પરંતુ યોગનુ મુખ્ય પ્રયોજન દેહ શુદ્ધિ નથી. યોગ સે માયાને તરવા માટેનો ઉપાય છે. ભગવાને પણ એજ અર્થમાં યોગાશ્રયો મયાપ્રોક્તા નૃણાં શ્રેયો વિધિત્સયા – જ્ઞાનં ભક્તિશ્ચ મનુષ્યનુ, જીવાત્માનુ જેનાથી કલ્યાણ થતું હોય તેવા કોઈ પણ ઉપારયો બધાજ યોગ કહેવાય જે ઉપાય કરવાથી આપણુ આત્મશ્રેય થાય, જે ઉપાય કરવાથી આપડે આત્મા નંદને પામી શકીએ તે, જે કરવાથી આપણી યોજના ભગવાનના શ્રી ચરણોમાં થતી હોય તેવા તમામ ઉપાય કરવા જોઇએ.

# શ્રીવલ્લભનંદન ગોપીનાથ

**यदनुग्रहतोजन्तुः सर्वदुःखातिगोभवेत् ।
तमऽहंसर्वदा वन्दे श्रीमद्वल्लभनन्दनम् ॥**

શ્રીમતી જાગૃતિ ગોહિલ

**જગદ્‌ગુરૂ શ્રીવિટ્ઠલનાથજી વિરચિત ભ્રાત વંદના**



જગદ્‌ગુરૂ શ્રગોપીનાથજી પ્રભુચરણ

જેમના માં ભકિત ના બીજ વાવેલા છે, જેનું હૃદય ભકિત નું ક્ષેત્ર બની ગયું છે, અને શ્રી પ્રભુ પોતાના અનુગ્રહની વૃષ્ટિ થી ભીજવી રહ્યા હોય તેવા ક્ષેત્ર, બીજ અને છોડવાઓને જે અલૌકિક ભકિતમાર્ગના ભાનુ શ્રીમદ આચાર્ય ચરણ ના ચરણોની કૃપાથી વિરહ તાપ અને સિદ્ધાંતોની સાચી સમજ રૂપ ખાતર અને વાળ મળે અને આ રીતે આપણા આચાર્ય નું આલિંગન થાય ત્યારે આપણા માં રહેલા બીજ ભાવનું અંકુરણ શીઘ્રતાથી થવા લાગે છે. અને ત્યારે સેવા-ભકિત રૂપી વૃક્ષ નવ પલ્લવિત થઇ પ્રભુના પૂર્ણાનંદ ને પામે છે. આના માટે જેમ એક ખેડૂત ને સાધના કરવી પડે છે તેમ ભકિતમાર્ગીય સાધના ની પણ જરૂરત પડે છે. અને આ સાધના ક્યાં કરવી ? કેવી રીતે કરવી ? અને કેવા સાધનોથી કરવી ? એનું દિગ્દર્શન આપના આચાર્ય શ્રી ગોપીનાથ મહાપ્રભુ આપણને 'સાધન દીપિકા' ગ્રંથ માં કરાવી રહ્યા છે. આ 'સાધન દીપિકા' ગ્રંથ નિઃસાધનો નો સાધના પથ છે. અને માટે જ આ ગ્રંથ નું નામ સાધન દીપિકા અને દીપિકા...આમ બંને અર્થોમાં સાર્થક છે.. કારણકે આપના જેવા ભકિતપથ યાત્રિયો માટેના સાધનોનું દિગ્દર્શન યથાર્થ રૂપે કરાવનાર અને ભટકવા ના દેનાર એવો અલૌકિક દીપક છે. અને આપણા સાધનોને કેવી રીતે કરવા અની ચાવી છે જેનાથી સાધના સરળ બની ઉત્તમતાને પમાડે એવી દીપિકા છે.

સાધનદીપિકા માં આપના મુખ્ય સાધન અને સેવા ફલ પર જ ભાર મુકવામાં આવ્યો છે. અને માટે શ્રી ગોપીનેથજી આજ્ઞા કરે છે કે...

:

જે સાધુ સત્પુરુષ છે ( ભગવદીય/વૈષ્ણવ) છે તેને 'યાવદ્ જીવં' એટલે કે જ્યાં સુધી જીવ શરીર માં રહે ત્યાં સુધી પ્રભુ ની સેવા કરવી, અને સમાહિત મનથી અર્થાત કૃષ્ણ ના આશ્રય, અનુરાગ અને નિરંતર કૃષ્ણ ધ્યાન અને સ્મૃતિ થી સભર મન થી અત્યંત પ્રેમ સહીત સેવા કરવી. તેવી ભાવના સહીત ની સેવા થી ભકત ની ભાવના સિદ્ધી એટલે કે બીજ ભાવ ની દ્રઢતાથી સેવા ફલાત્મિકા બને છે. અને જયારે સેવા ની આ સિદ્ધિ પ્રાપ્ત થાય છે ત્યારેજ આ ભૂતલ પર વૈષ્ણવી જીવન ની સાર્થકતા સિદ્ધ થાય છે અને કૃત કૃત્ય થવાય છે.

શ્રી ગોપીનાથજી આ ગ્રન્થ ના આરંભ માં....

આમ કહી ને સમજાવ્યું છે કે હરિ ના આરાધન થી જ મુકિત થાય છે, તેના સિવાય ભકિત માર્ગીય મોક્ષ અર્થાત નિરંતર ભગવદ સામિપ્ય અને સેવૌપયોગી દેહ ઈત્યાદી સંભવ નથી. આ ગ્રંથ માં શ્રી ગોપીનાથજી પ્રભુ એ તેવા મોક્ષ ની પ્રાપ્તિ ના સાધનો અને રીત નું નિરૂપણ કર્યુ છે.

ક્રમશઃ

## यथार्थ मार्ग

प्रिय वैष्णव,
जय श्री कृष्ण,

श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्था द्वारा आत्म कल्याण हेत धर्म के यथार्थ ज्ञान को आप तक पहुचाने के लिए यह उत्तम मासिक प्रत्रिका यथार्थ मार्ग का शुभारंभ प्रभु कृपा से जनवरी माह में हुआ है। जैसे गुरूजी द्वारा आप सभी को निःशुल्क वितरण तीन माह करने का वचन दिया गया था उसको पूर्ण करने संस्था ने गुरूजी की आज्ञा अनुसार, जनवरी से आर्शीवाद रूप निःशुल्क वितरण किया है । विश्वास है सब ने उसका पूर्ण लाभ लिया होगा । पत्रिका के तीन मास मार्च में पूर्ण हो रहे हैं पर १ माह और बढा दिया है, अतः आपको अप्रेल की मासिक पत्रिका भी निःशुल्क प्राप्त होगी । इसके आगे मई माह से यह सहज यर्थाथ ज्ञान प्राप्त करने के लिए और हम से जुडे रहने के लिए जल्द से जल्द आप मेंबर बनें और बहुत ही साधारण से धन का व्यय करके ज्ञान -भक्ति के भण्डार समान यह मासिक पत्रिका अपने घर पर ही प्राप्त करें । हमें उम्मीद है, स्वधर्म एवं आत्मधर्म को समझकर उसको अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाकर सहज धर्मशील जीवन जीने के लिए आप सब हमसे जुडेंगे । प्रतिमाह २०/- की पत्रिका, एक वर्ष की सदस्यता पर २ माह की अतिरिक्त मिलेगी, ५ वर्ष की सदस्यता पर १७ माह की अतिरिक्त मिलेगी और भी कई विकल्प संलग्न फार्म में है, जिसे आवश्यकता अनुसार चुन सकते हैं । हमसे जुडने के लिए आपसे नम्र अनुरोध है कि नीचे दिए गए पते पर या फोन नंबर पर संपर्क करने की कृपा करे ।

आज्ञानुसार
श्रीगोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान
यथार्थ मार्ग मासिक पत्रिका के
संपादक एवं ट्रस्टी

### Payment method

चेक / ड्राफ्ट श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान के नाम पर बनाए और आपको दिये गये फॉर्म पे जो पता लिखा है उसपे भेजें । या I.D.B.I. बैंक की किसी भी शाखा में श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान के **I.D.B.I. Bank's Saving A/c No. 289104000033974** में जमा करवा सकते हें.

नकद भुगतान के लिए कृपया अपने स्थानीव संपर्क व्यक्ति को फोन करें जीनके नंबर नीचे दिये गये हें ।

Vadodara - Gunjan Shastri-9374065710
Sampadak-Satna - Kalpana Katare- 6261084284
Burhanpur - Nitinbhai Patil-8989520502
Junaghad - Bhaveshbhai - 7984025185
Bombay- Apurva Kadakia -80970 47471



## Divine Thoughts

# SEVA

Pujya Shri Brijlata Bahuji

Thus trying to get return for what one has done and going on counting like this constitutes what is called "Samsara". when a Jiva rises above these worldly calculations and develops inclination towards seva ,as a result ,first of all he starts with forgetting the concept of 'I' and 'mine' and Bhagavan becomes the only subject of thinking for his mind and intellect. Thenceforth he starts thinking and follow: 'this beautiful universe belongs to Bhagavan, all this beauty belongs to Bhagavan. I should offer all good and excellent things to Bhagavan. Bhagavan has given me this body for his service and good deeds. Bhagavan has made a beautiful arrangement of various sense-organs in this body ; he has given me the eyes to see his charming and attractive form; he has given me ears to listen to his eulogies and the narrations about his divine leela and repute; he has given me the speech for describing and speaking about his excellent virtues, deeds and fame . in all these ways whenever and whatever he thinks, he thinks for the sake of Bhagavan. He has the attitude of dedication only; and the desire for getting anything does not remain with him. Thus the inclination of the mind of a devotee gets repelled from his own interests and all other worldly subjects and his consciousness becomes fully absorbed in Bhagavan Shree Krishna. Shree Vallabhacharyaji says that whatever the devotee does after attaining to the above described position, is called Seva.

Now, the discussion about his subjects with regard to the remaining two questions cannot be done in this issue; therefore we will take it up in the next issue.

......contd.....

## सत्संग सुधा

राधिका दवे

उत्तमा सहजावस्था, मध्यमा ध्यान धारणा,
कनिष्ठा शास्त्र चिंता च, तीर्थ यात्रा धमाधम ।

अर्थ - सहज अवस्था में जब साक्षी ध्यान परिपक्व हो जाता है यह उत्तम अवस्था है । ध्यान में जब किसी की धारणा (मूर्ति, मंत्र, आदि) को केंद्र बनाते हैं यह मध्यम अवस्था है । शास्त्रों का चिंतन निम्न अवस्था है और तीर्थ स्थानो में ईश्वर को पाने के लिए भटकना निम्नतम अवस्था है ।

भावार्थ - जीवन में सहजता पूर्वक जीना उत्तम है, इसमें हम तात्कालिक यानि वर्तमान समय में केंद्रित रहते हैं, ऐसा जीवन जीने वाले बहुत सरल स्वभाव के होते हैं, पर सच ये है कि आज के समय में सरल होना ही सबसे कठिन है । प्रभु भक्ति के लिए सरलता और सहजता एक नेमत के समान है, हम भक्त जनों के जीवन चरित्र को देखने पर पाते हैं कि कितने सरल सहज और वर्तमान में जीने वाले होते हैं सभी महान भक्त.. न बीते का बोझ न आने वाले का सोच, प्रभु पर अनन्य भरोसा आस्था और हर पल प्रभु का ध्यान उनके सहजता की कुंजी होती है । उनके लिए प्रभु सर्वत्र होते हैं ।

वही कुछ भक्तो को प्रभु के ध्यान की धारणा के लिए मन को बार बार प्रभु में लगाने के लिए किसी मूर्ति, मंत्र या स्थान विशेष पर एकाग्र करना जरूरी होता है । इस मध्यम अवस्था में ध्यान की इस प्रकार धारणा करते गुरु कृपा से सहजावस्था तक पहुंच सकता ह ।

शास्त्रों के चिंतन द्वारा प्रभु प्राप्ति का उपाय ढूंढना ये कनिष्ठ यानि कम प्रभाव शाली बिधा है और सद्गुरू के सानिध्य और कृपा से ही शास्त्रों का गुढ अर्थ समझा जा सकता है ।

तीर्थ यात्रा द्वारा स्थान स्थान जा कर प्रभु को पाने की आस अधम अर्थात निम्न स्तरीय और श्रम साध्य है ।


## श्री गोपीनाथ आध्यात्मिक संस्थान

Visit us at www.gopinathji.org

**यथार्थ संपादक मंडल**

श्रीमती प्रभाबेन शास्त्री
श्रीमती कल्पना कटारे
कु. निमिषा बेन पारेख

**यथार्थ व्यवस्थापक मंडल**

श्रीमती गुंजनबेन शास्त्री
श्री उमेश भाई वैष्णव

**संस्थान के कार्यकलाप**

- यथार्थ मार्ग (मासिक पत्रिका)
- ओडियो प्रवचन केसेट, पुस्तक प्रकाशन, और वितरण
- गौसेवा
- अशक्त आर्थिक तकलीफ वाले व्यक्तियों की सहायता
- सामान्य स्थिति वाले छात्रों को मदद्
- सत्संग सत्रो का आयोजन

**अशक्त, आर्थिक तकलीफ वाले, अनाथ एवं ब्राह्मण हेतु**

- भोजन सेवा ● वस्त्र सेवा ● विद्या दान
- औषधि सेवा ● अन्न दान ● अनन्त योजना

**वड़ोदरा कार्यालय का समय** (सुबह ११ से शाम ५)

**सम्पर्क - मोबाईल** 98255 13317, 9998107541

ट्रस्ट र.नं. (ई-४३७५(मेहसाणा) ता. १६ मार्च २००५)
इन्कमटेक्स करमुक्ति का लाभ भी उपलब्ध है
CIT/GNR/80G(5)/PTN-37/07-08/3233/12-13


## व्रतोत्सव टीप्पणी माह जुन

| તા. | વાર | તિથિ | વિગત |
|---|---|---|---|
| અધિક જેઠ વદ | | | |
| ૮ | શુક્ર | ૯ | સૂર્ય મૃગશીર્ષમાં ક. ૧૨-૧૮. |
| ૧૦ | રવિ | ૧૧ | કમલા એકાદશી વ્રત |
| ૧૩ | મંગળ | ૩૦ | દર્શ અમાવાસ્યા, પુરુષોત્તમ માસ સમાપ્ત, અન્વાધાન |
| નિજ જેઠ સુદ | | | |
| ૧૪ | ગુરુ | ૧ | ઇષ્ટિ. |
| ૧૫ | શુક્ર | ૨ | સૂર્ય મિથુનમાં ક. ૧૧-૩૮. |
| ૨૨ | શુક્ર | ૧૦ | ગંગા દશમી. |
| ૨૩ | શનિ | ૧૧ | નિર્જલા એકાદશી વ્રત. |
| ૨૬ | મંગળ | ૧૩ | જયેષ્ઠાભિષેક માટે આજે જલાધિવાસન કરવું. |
| ૨૭ | બુધ | ૧૪ | મન્વાદિ, અન્વાધાન, જયેષ્ઠાભિષેક-સ્નાનયાત્રા (જયેષ્ઠા નક્ષત્ર પૂર્વ દિનથી આરંભ થઇ આજે પ્રાતઃ ક. ૦૯-૧૭ પર્યન્ત છે), આજે સૂર્યોદય પૂર્વ શ્રીપ્રભુને સ્નાન કરાવવા. |
| ૨૮ | ગુરુ | ૧૫ | ઇષ્ટિ. |

साभार-वल्लभ विट्ठल ग्रंथ प्रकाशन मंडल ट्रस्ट




# The Story of Eklavya

- Jagruti Gohil



Hiranyadhanu was the king of Nishada. Hunting was the main occupation of his people. Eklavya was his the only son of Hiranyadhanu. It was his ardent desire to learn the art of archery from Dronacharya. So, one day he traveled to Hastinapur and witnessed Drona teaching the Pandavas and the Kauravas the art of archery. Eklavya went straight to Drona and requested him to include him among his disciples. Drona questioned Eklavya about his caste and creed. And he turned down the request on the ground that he thought only the Kshatriyas.

Disappointed Eklavya returned to the forest. **He then made a statue of Drona in the mud. and installed it at the place where he usually practiced archery. Every day he prostrated before the statute of Dronacharya and practices archery. Eklavya did this because he faithfully believed that if he practiced before his Guru, he would become an able archer**. **Thus, though his Guru shunned him, he still held him in high esteem and thought of him as his Guru. His concentration was so high that he could gain mastery over archery. He acquired immense knowledge about it** as well. Eklavya became an archer of exceptional prowess, superior even to Drona's best pupil, Arjuna.

One day, Drona took his students to the forest to teach them hunting. It was the same forest where Eklavya practiced archery. In the forest, Drona observed bow marks on the tree branch indicating archery practice.

One day while Eklavya is practicing, he hears a dog barking. At first, the boy ignored the dog, but a continuous disturbance in his practice angered him. He stopped his practice and went towards the place where the dog was barking. Before the dog could shut up or get out of the way, Eklavya fired seven arrows in rapid succession to fill the dog's mouth without injuring it. As a result, it roamed the forests with its mouth opened..

They suddenly Shaw the "stuffed" dog while practicing, and wonder who could have pulled off such a feat of archery. Drona was amazed too." Such an excellent aim can only come from a mighty archer." he exclaimed. they began searching the forest for the one behind such amazing feat. They found a dark-skinned man dressed all in black. It was Eklavya. Dronacharya went up to him.

Drona praised Eklavya, and asked, "From whom did you learn Archery?" Eklavya was thrilled to hear Drona's praises. "From you my Master. You are my Guru," Eklavya replied humbly.

"Your Guru? How can I be your Guru? I have never seen you before!" Drona exclaimed in surprise. But all of a sudden he remembered something. " Now I remember," said he. "Are you not the same hunter boy whom I refused admission in my Gurukul some months back?"

"Yes, Dronacharya", replied the boy. I made a statue like you and worshipped and practiced before your image. Thanks to it, I have become a good archer."

Hearing this, Arjuna became angry. "But you promised me that you'd make me the best archer in the world!"

Unable to answer Arjuna's question, Drona remained silent. The sage too was upset that his promise to Prince Arjuna was not going to be fulfilled. He was also angry with Eklavya for disobeying him. So the sage planned to punish Eklavy.

"Where is your guru Dakshina? You have to give me a gift for your training,". Eklavya was overjoyed. "Dronacharya, I'll be the happiest person on earth to serve you. Ask me anything and I will offer it to you as my guru Dakshina "he said.

Drona did not wait anymore. "Eklavya, I seek to have your right-hand thumb as my guru Dakshina" he declared.

Without his thumb, he could never shoot arrows again. But the teacher must be satisfied. "Ok Gurudev, as you wish," he said. Then, without the slightest hesitation, Eklavya drew out his knife and cut his thumb!

The sage was humbled. He blessed the young archer for his courage. "Eklavya, even without your thumb, you'll be known as a great archer. I bless you that you will be remembered forever for your loyalty to your guru,


**But despite his handicap, Eklavya continued to practice archery. How could he do so? When one is dedicated, one can make even mountains bow**. With practice, Eklavya could shoot arrows with his index and middle finger and he became a greater archer than he was ever before. His renown spread far and wide. When Drona came to know this, he blessed the boy silently and begged for divine forgiveness.

And true to Drona's blessing, Eklavya is still praised as the most loyal and brave student in the epic of Mahabharatha.

# PUZZLE - Pushti Bhakti


-Trupti Abrol

Find the words from the list in the below box :



| | | |
|---|---|---|
| ACHARYA SWAROOP | GIRIRAJJI | PRABHUSEVA |
| ANUKULASYA | GOPINATHJI | PRATIKUL |
| ANYASHRAY | MAHAPRABHUJI | SARV BHAV |
| DINATA | NIRGUN BHAKTI | TANUVITTAJA |
| DUSANG | PARLAUKIK | YAMUNAJI |

Answer to the last time Puzzle - **Hinduism**



संस्कार

# आध्यात्मिक उन्नति कराने वाले गुरु का पुजन



श्री वृजेशकुमारजी शास्त्री

अषाढ मॉस की पूनम का दिन कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में व्यास पूर्णिमा को गुरुपूर्णिमा नाम से मनाया जाता है। वेदव्यास जी प्रभु के ज्ञानावतार ज्ञान कला रूप और सारे शास्त्रों पुराणों की रचना करने वाले एवं वेदों के भाग कर के वैदिक वांग्मय का प्रचार प्रसार कर एक सुसंस्कृत समाज के निर्माण एवं जीवन को अलौकिकता प्रदान करने वाले हैं, संस्कृति के ज्ञानकोष रूप वेद, महाभारत, श्रीमद् भागवतजी जैसे महान ग्रन्थ इस विश्व के हरेक मानव मात्र के लिए देने वाले हैं, जिसमें संस्कृति के विचारों को द्रष्टान्त के साथ सरल भाषा में समझाया गया है। श्री वेदव्यासजी के इन्हीं ग्रंथो के आधारपर समाजोत्थान की बात कर सर्व के कल्याण हेतु संस्कृति के विचारो के प्रचार करने वाले उनके अनुगामी महाज्ञानी चिंतको को व्यास के नाम से सम्बोधित किया जाता है और जिस पीठ (गद्दी) पर बैठ कर इस संस्कृति को प्रसारित किया जाता है उस पीठ को व्यासपीठ कहा गया है।

इस व्यासपीठ पर बैठ कर निष्टावान और निस्वार्थ रूप से अपनी उपासना को भक्ति रूप में शास्त्रों में निर्मित 'जीव के मोक्ष' और 'समाज के उद्धार' के ज्ञान का प्रचार स्वकर्तव्य के रूप से करे उस सद गुरु की पूजा का दिन है यह 'गुरु पूर्णिमा'।

कितना आनंद और गर्व अनुभव होता है जब ये देखते हैं कि कई सदियों पुरानी हमारी ऐसी संस्कृति और परम्परा का पालन आज भी होता है। पर साथ ही दु:ख और ग्लानि भी होती ये देख कर कि आज केवल 'गुरु" नाम का पूजन हो रहा है, गुरु तत्व का नहीं। हमने आज गुरु तत्व को ही भुला दिया है।

सदगुरू वो है, जो आप के अंदर के अहंकार और अंधकार को दूर करता है। सदगुरू की आवश्यकता शास्त्रों के अध्ययन और उनके रहस्यो को समझने हेतु भी आवश्यक है। सदगुरू आप के अंदर रही ग़लत धारणा और अधूरे ज्ञान को समाप्त कर के प्रभु प्राप्ति के मार्ग पर चलने योग्य बनाता है। मानव की पशुतुल्य वृत्तियों पर संयम की प्रेरणा से देवत्व की और ले जाए वह सदगुरु है। संपत्ति और कीर्ति के प्रभाव से स्वयं प्रभावित न हो कर अस्थिर मन के जीव को मार्गदर्शन प्रदान करे वो सदगुरु है। जितने भी आत्म ज्ञान की प्राप्ति के धर्म और कर्तव्य बताये गए है उस मार्ग की सही समझ दे वो सद गुरू है। हमें आज के दिन ऐसे सदगुरु का पूजन करना है। परंतु आज गुरुपूजा गुरुवाद में परिणित हो गयी है। आज हम गुरु, हमारे स्वार्थ हेतु, हमारी सांसारिक समस्या का हल और दुनियादारी के फ़ायदे के लिए बनाते है। बिना मेहनत हम सब मुश्किल का समाधान चाहते है, तब गुरु के शरण जाते है। वह सद गुरु नहीं जो केवल आप के लौकिक समस्या का समाधान करे और लौकिक लाभ के लिए मार्ग दर्शन करे, हां हमें ऐसे महानुभावो से कृतज्ञ होना आवश्यक है जो मानव जीवन की मुश्किलों को कम अथवा दूर करने में सहायक होते हैं। परंतु वह भी इस लिए, की हम अगर संसार की मुश्किलो से बचे रहे तो उस समय का विनियोग आत्म कल्याण के मार्ग पर चलने हेतु कर सकें। परंतु ऐसे उपकारक को सद गुरु का स्थान देना और उनका पूजन सद गुरु के रूप में करना हमारी जीवन की सब से बड़ी गलती और दयनीय विचारधारा है।

गुरु का निर्माण हम नहीं कर सकते, अपितु गुरु स्वयम् सिद्ध होते हैं और गुरु शिष्य का निर्माण करते है। गुरु ही एक शिष्य, सेवक के व्यक्तित्व को बनाते हैं। हमारी ग़लती के कारण हम उस परम तत्व तक नहीं पहुँच पाते हैं, ना ही गुरु को समझ पाते हैं, ना ही जीवन के रहस्यों को जान कर हम गुरु प्रेम और परब्रह्म के प्रेम को प्राप्त कर पाते हैं। क्यों कि हम स्वार्थ हेतु, सांसारिक लाभ हेतु गुरु के पास जाते है, इस लिए हमें भी बदले में उस गुरु से केवल लौकिक फल ही प्राप्त होता है, जो कभी आत्म सुख और संतुष्टि देने वाले नहीं होते। जब हम हमारे लोभ की पूर्ति के हेतु गुरु बनाते हैं तो बदले में धोखा मिलना स्वाभाविक है।

ब्रह्मा की तरह जीव के सदगुणों का सर्जन करे, विष्णु की तरह सद्विचारों का पालन करे और जीव को शिव से जो मिलाये उस गुरु का हमें आज पूजन करना है। ज्ञान के सूर्य, और प्रेम-शांति के महासागर जैसे गुरु का बंदन करना है। गुरुपूजन अर्थात सत्य का पूजन, ज्ञान का पूजन, लौकिक और वैदिक ज्ञान से हमारा आत्मकल्याण के मार्ग पर मार्गदर्शन करने वाले सदगुर का कृतज्ञता पूर्वक पूजन करने का दिन 'गुरु पूणिमा' है।

यथार्थ उत्सव

# देवशयनी एकादशी

सुनीता शाह



आषाढ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। इसी दिन से चातुर्मास का आरंभ माना जाता है। इस दिन से भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं और फिर चार माह बाद जब उन्हें उठाया जाता है उस दिन को देवोत्थानी एकादशी कहा जाता है। इस बीच के अंतराल को ही चातुर्मास (वर्षाॠतु) कहा गया है।
पुराणों में वर्णन आता है कि भगवान विष्णु इस दिन से चार मास पर्यन्त (चातुर्मास) पाताल में राजा बलि के द्वार पर निवास करके कार्तिक शुक्ल एकादशी को लौटते हैं। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार ये भी कथा है कि आषाढ शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि को शंखासुर दैत्य मारा गया। अत: उसी दिन से आरम्भ करके भगवान चार मास तक क्षीर समुद्र में शयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं।
स्वाभाविक समझ ये है कि प्रभु इस सृष्टि के पालन हार और उसको चलाने वाले है अगर प्रभु सो जाय तो सृष्टि के सब व्यवहार थम जाय और फिर ऐसे वर्ष के अति महत्व के चार मॉस, जिसमे समस्त सृष्टि के लिए जल और अन्न की व्यवस्था होती हो और तब ही अगर प्रभु पोढ.जय तो क्या हो? यही चार मॉस में सृष्टि का सौदर्य सर्व कला से खिलाता है, किसानो को खेतीबाड़ी से खाद्य प्राप्त होता है और उससे मानव को जीवन मिलता है, आनंद का माहोल बनता है और इसी परिस्थिति में मानव स्वभाव तह: प्रभु की कृपा की कृतज्ञता की अनुभूति करता है। पर ऐसे में प्रभु चारमॉस शयन करते हुए जैसे कह रहे हैं कि ये सब मेरी कृपा नहीं अपितु तेरे अपने परिश्रम और दृढ विश्वास का फल है। प्रभु हमें हमारे स्वयं के बल पर और उन पर विश्वास से जैसे जीने का संकेत और प्रेरित कर रहे हैं। प्रभु की निंद्रा वह प्रभु का अपने अंश रूप जीव के ऊपर के विश्वास का प्रतिक भी है। तो आज के दिवस हमें ये दृढ संकल्प करना चाहिए कि प्रभु को हमारे कोई भी कृत्य से मिले परिश्रम, थकान, अथवा नीरसता के कारण निंद्रा में खलल न पहुंचे इसके लिए हमें व्रत निष्ठ होना चाहिए। हमारे हिंदू धर्म में एकादशी व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियाँ होती हैं। जब अधिकमास आता है तब उस वर्ष इनकी संख्या बढक़र २६ हो जाती है।
व्रत और उपवास का सही अर्थ होता है- पाप में से मुक्त हो कर प्रभु के पास अपने सर्व भोगों को त्याग कर वास करना। एकादशी पर व्रत करने का तात्पर्य है कि ग्यारह इंद्रियों को वश में कर प्रभु सेवा, स्मरण, दर्शन और सानिध्य में तत्पर रहना। जो निष्काम भाव से करनी होती है। भगवान को प्रसन्न करने के लिए सत्वगुण आवश्यक होता है। इसलिए कम से कम ऐकादशी के दिन आनाज का त्याग कर फल का आहार ग्रहण करना चाहिए। फल में सात्विक गुण की मात्रा अधिक होती है, हमारे शरीर और मन में रहे अन्न दोष की शुद्धि हेतु साल के २४ एकादशी हरेक वैष्णव को करनी चाहिए।

आरोग्यम्

## विना आरोग्यं वृथा लक्ष्मी:

जीवन में ऋतुअनुकुल परिर्वतन एवं सावधानियाँ
और पथ्यात्मक युक्त आहार स्वास्थ्य की कुंजी है ।

डा. शैलेन्द्र जी

**स्वास्थ्य का रहस्य...**

हमारे शास्त्रो में भोजन की पवित्रता पर विशेष विचार किया है।जैसे अशुद्ध स्थान में पूजा करने का कोइ फल नहीं होता। भगवान संतुष्ट नहीं होते इसी तरह भोजन का स्थान अपवित्र हो, जल आदि से शुद्ध किया हुआ न हो तो अन्न दूषित हो जाता है। किसी अपवित्र व्यक्ति अथवा जीव से स्पर्श किया हुआ हो तो भी वह अन्न दूषित होता है। इसी से नीच या पापी का अन्न ग्रहण करना निषिद्ध है। दूसरा यह कि निरोगी शरीर होने पर भी बिना स्नान खाने पर मल कुपित होता है और बिना जप पूजा किये खाने से पूय शोणित भोजन का दोष होता है। अत: स्नान करने के बाद भोजन करना दोनों पैर, दोनों हांथ और मुंह धोकर पूर्वाभिमुख होकर मौन धारण कर भोजन करना चाहिऐ ।

संसार की सभी वस्तुएं भगवान की उत्पन्न की हुई हैं तब उन्हें पका कर भगवान को समर्पण किए बिना ग्रहण करने से पाप होगा। गीता जी में कहा गया है कि ''तैर्दत्तान प्रदायैभ्यो यो भुड्क्ते स्तेन एव स:।।'' अर्थात भगवान को समर्पण करके ही अन्न ग्रहण करना चाहिये। इतना ही नहीं सात्विक का अन्न ग्रहण करने से सात्विक वृत्ति उत्पन्न होती है। उसी तरह तामसिक वृत्ति वाले के हांथ का अन्न ग्रहण करने से तामसी वृत्ति बनती है। जैसे दुर्योधन का पापान्न ग्रहण करने से भीष्मपितामह का ज्ञान भी लुप्त हो गया था तो हमारे जैसे सामान्य मानवों की तो बात ही क्या।

भोजन को दूषित कोन कैसे करता है- स्पर्श दोष की तरह दृष्टि दोष भी भोजन को दूषित करता है। जैसे नीच, दरिद्र, भूखे, पाखंडी, रोगी, मुर्गे, सर्प या कुत्ते की दृष्टि भोजन में ठीक नहीं होती। इनकी विष दृष्टि अन्न में संक्रमित होने पर अजीर्ण रोग होता है।

इसी तरह शास्त्र निषिद्ध दिशा की ओर मुख करके और जूता पहन कर खाना आसुरी प्रकृति का लक्षण है। इस प्रकार किया गया भोजन पवित्र नहीं हो सकता। संध्या के समय और अधिक रात बीत जाने पर भी भोजन नहीं करना चाहिए। इससे अन्न पचेगा नहीं और गहरी नींद नहीं आयेगी और स्वास्थ पर इसका विपरीत असर पडेगा।

**क्रमश:**



## खुला प्रश्न मंच

राधिका दवे

प्र-१ महाप्रभुजी श्री वल्लभाचार्यजी ने मधुराष्टक की रचना कोन से दिवस पर की थी?

उ-१ श्रावण सुद एकादशी पर मधुराष्टक की रचना हुई।

प्र-२ श्री महाप्रभुजी के दर्शनवाद का नाम क्या है?

उ-२ श्री महाप्रभुजी के दर्शन(वाद) का नाम शुद्धादैत है।

प्र-३ 'शिक्षा श्लोक' ग्रन्थ में दिए गए उपदेश को एक वाक्य में कैसे दर्शाऐंगे?

उ-३ भगवद् इच्छा अनुसार, बिना बहिर्मुख हुए,श्रीकृष्ण पर दृढ विश्वास से सब कार्य करें।

प्र-४ श्री वल्लभाचर्यजी ने किस मत का खंडन किया था?

उ-४ श्री वल्लभाचार्यजी ने मायावाद का खंडन किया था।

प्र-५ श्री महाप्रभुजी संसार किसको कहते हैं?

उ-५ श्री महाप्रभुजी के मतानुसार अहंता- ममता ही 'संसार' है।

प्र-६ कैसा है संसार का स्वरुप श्री महाप्रभुजी के मतानुसार?

उ-६ संसार का स्वरुप मिथ्या है।

प्र-७ श्री विठ्ठलनाथजी ने कितनी विज्ञप्ति की रचना की थी? और कोन से स्थान पर?

उ-७ श्री विठ्ठलनाथजी ने नव विज्ञप्ति की रचना चन्द्र सरोवर पर की थी।

प्र-८ 'नवरत्न ग्रन्थ' के माध्यम से श्री महाप्रभुजी जीव को क्या समझाते हैं?

उ-८ 'नवरत्न ग्रन्थ' में श्री महाप्रभुजी सभी चिंता से मुक्त हो कर निश्चिंत रूप से प्रभु सेवा में प्रवृत रहने का उपदेश देते हैं।

प्र-९ श्री गुसाईंजी के किस ग्रन्थ को पुष्टि संप्रदाय में 'गायत्री' माना गया है?

उ-९ 'सर्वोत्तम स्तोत्र' ग्रन्थ को पुष्टि संप्रदाय में 'गायत्री' माना गया है।

प्र-१० श्री महाप्रभुजी रचित लघुग्रंथो के संग्रह किस नाम से प्रसिद्ध हैं?

उ-१० यह षोडश ग्रन्थ के नाम से प्रसिद्ध हैं।

प्र-११ अष्टक में कितने पद होते हैं?

उ-११ अष्टक आठ श्लोक से बनता है।

प्र-१२ यमुनाष्टक में नौ श्लोक हैं, तो नवमाँ श्लोक क्या सूचित करता है?

उ-१२ यमुनाष्टक का नवम श्लोक फलश्रुति के रूप में सम्मलित किया है।

# संस्थान गतिविधी

श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर जयपुर में पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल द्वारा १३ जुन से अधिक मास के आरंभ के साथ मैं भागवत सप्ताह आयोजन में १०८ विद्वान द्वारा मूल पाठ वाचन और मुख्य व्यास पीठासीन पूज्य श्री गुरुजी.





## USA धर्म यात्रा 2018 का सत्र

### Shree Dwarikashish Temple Perlin, NJ

अष्टसखाओं के कीर्तनों पर पूज्य गुरुजी श्रीगिरिराजजी शास्त्रीजी से पुष्टिपथ का मर्म समझते हुए मुग्धश्रोता जन





### Shree Dwarikashish Temple Bensalem, PA

अष्टसखाओं के कीर्तन भावार्थ एवं कीर्तन की मंत्र रूपता को स्पष्ट करते हूए पूज्य श्रीगुरुजी







BOOK POST PRINTED MATTER




Printed & Published By Giriraj V. Shastri On Behalf Of Owner Shree Gopinath Adhyatmik Sansthan Trust (regd. No. E4375) And Printed At Shraddha Screen Printing, C/o Dharmit D. Parikh, 1930, Pitta Ni Pole, Opp. Govardhannathji Temple, Sarangpur Chakala, Sarangpur, Ahmedabad-380001 And Published At Giriraj V. Shastri , E/294, Rajlakshmi Society, Opp. Baroda Heart Institue,Old Padra Road, Vadodara-390027. Editor Giriraj V. Shastri

# निःसाधन जन के साधन भगवान

रुपा शर्मा

आचार्य श्री वल्लभ का प्राकट्य जब भूतल पर हुआ उस समय भारत में मुख्यतः दो विचारधाराऐं प्रचलित थीं। प्रथम "यह जगत क्षणिक है। एक क्षण में जीव और समुदाय की उत्पत्ति होती है- दूसरे क्षण में संबंध और तीसरे क्षण विनाश, यह घटना क्रम इसी तरह गतिमान रहता है - "सर्व क्षणिकम" यह जगत विज्ञान मय है, अभाव मात्र है, असत है।" यह विचारपरंपरा बौद्धों की थी।

दूसरी परंपरा शांकर मत की थी- "जगत मिथ्या है, माया की कृति है, ब्रह्म की नहीं। ब्रह्म ही सत्य है, बाकी सब मिथ्या। ब्रह्म निर्गुण है, सगुण या सबल ब्रह्म माया कृत है जिसकी उपयोगिता मात्र उपासना में है। आत्मा- विभु है, यही ब्रह्म है। आत्मा एक है, अनेकत्व प्रतीति मिथ्या है। सत् -चित्-आनंद ब्रह्म के पर्याय मात्र हैं। ब्रह्म में विलीनता ही मोक्ष है। ब्रह्म 'केवल' ज्ञान है। जगत् की उत्पत्ति एवं विनाश अविद्या कृत हैं। मोक्ष सिद्धि में ज्ञान ही प्रधान है, कर्म एवं भक्ति नहीं।

श्री वल्लभाचार्य जी ने बताया इस प्रकार की विचार पद्धति भ्रमात्मक है। जिसके द्वारा प्राणी मात्र में मोह उत्पन्न करके उसकी दयनीय प्रतारणा की गई है- 'अयमेव महामोहो हीदमेव प्रतारणम्'।

देवकी के पुत्र श्री कृष्ण ही एकमात्र देव हैं, गीता में उनके वाक्य ही एकमात्र शास्त्र है, उनका नाम ही एकमात्र मंत्र है। मनो-वाक्-देह से श्री कृष्ण की सेवा ही एकमात्र'कर्म, है। उनके प्रभाव से निःसाधनता स्वयं साधनता बन जाती है- अतः यह देव अद्भुत है। यही देव ज्ञानात्मा एवं क्रियात्मा है। वेद के पूर्व काण्ड में क्रियारूप 'यज्ञ' यही देव है, उत्तर काण्ड में ज्ञानरूप यही देव 'ब्रह्म' है, गीता और भागवत् में 'ज्ञान एवं क्रिया' उभय-शक्ति रूप यही देव श्री कृष्ण ही हैं; अतः वेद में इनका खण्डशः निरुपण है, समुदाय रूप में भागवत् में, जहां इनकी अनेक विधि लीलाओं का भी निरुपण किया गया है। अतः वेद, ब्रह्म सूत्र, श्री कृष्ण के वाक्य एवं व्यास जी की समाधि भाषा यही प्रमाण हैं। 'शब्द' प्रमाण ही प्रमाण है। वेद-पुराणों में जिन विविध देवताओं का उल्लेख किया गया है वह सभी 'आदिमूर्ति' पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्ण के ही विभूति रूप हैं।

ज्ञान कर्म तथा भक्ति में शास्त्रोक्त निष्ठा से ही फल-सिद्धि संभव है। ज्ञान-निष्ठा से सर्वज्ञता, कर्म-निष्ठा से चित्तप्रसन्नता एवं भक्ति-निष्ठा से भगवद्-प्रसादता प्राप्त होती है। निष्ठा के अभाव में किसी भी प्रकार के फल की प्राप्ति असंभव है। 'तत्- त्वं-असि' इस वाक्य के उपदेश मात्र से सर्वज्ञता कभी नहीं मिलती। यज्ञों को अज्ञान कल्पित कह कर फल विषेश की पूर्ति में ही उनकी उपादेयता (उपयोगिता) के उपदेश से चित्त प्रसन्नता तो नहीं मिलती अपितु तृष्णा की अभिवृद्धी होती है। ज्ञान के उदय होने तक ही भक्ति की इतिकर्तव्यता (प्रारंभिक कर्त्तव्य) समझते हुए भक्ति के विषय भगवान् को कल्पना मात्र कहने से भगवत्-प्रसादता कैसे हो? निष्ठा की प्राप्ति तो वेदोक्त साधनों के यथावत अनुष्ठान से होती है। शास्त्र पद्धति से कार्यारंभ, फलपर्यवसायी होता है। केवल प्रतिष्ठा के लिए व्याख्यान करने से या सुनने से अथवा मन की तरंगों से न किसी मार्ग में निष्ठा होती है, न निष्ठा सुलभ फल की प्राप्ति ही। जिस मार्ग का जो अधिकारी होता है उसको वह उसके अधिकारानुसार फल देता है। विरक्त, ज्ञान-मार्ग का एवं फलासक्त कर्म मार्ग का अधिकारी है। जो न विरक्त है और न आसक्त किन्तु भगवान में श्रद्धा वान है वह भक्ति मार्ग का अधिकारी है। अधिकार संपादन के लिए साधन की आवश्यकता है। कलियुग में साधन का सर्वथा अभाव होने के कारण अधिकार संपादन असंभव है। सर्व की मुक्ति के लिए भगवान श्री कृष्ण अवतीर्ण हुऐ हैं - अतः साधन बिना अधिकार के अभाव में भी भगवान साक्षात् प्रमेय बल से फलित होते हैं। साधननिर्पेक्ष प्रेम-पूर्वक श्री कृष्ण की भक्ति से कलिकाल भी गुणयुक्त रहता है। ठकृष्णश्चेत सेव्यते भक्तया कलिस्तस्य फलाय हि"। वेद, गीता, श्रुति आदि इसी मुख्य अर्थ का प्रतिपादन करते हैं। अन्य अर्थ भिन्न-भिन्न मतानुयाइयों की मात्र एक मन गढंत कल्पना है।

बृजलता शर्मा के अहमदाबाद से सभी को जय श्रीकृष्ण

सुमित्रा देवी शर्मा के राजस्थान से सभी को जय श्रीकृष्ण

## व्रतोत्सव टीप्पणी माह जूलाई

| તા. | વાર | તિથિ | વિગત |
|---|---|---|---|
| નિજ જેઠ વદ | | | |
| ૯ | સોમ | ૧૧ | યોગિની એકાદશી વ્રત. |
| ૧૨ | ગુરુ | ૧૪ | દર્શ-અમાવાસ્યા, અન્વાધાન |
| ૧૩ | શુક્ર | ૧૪ | ઇષ્ટિ, ખંડગ્રાસ સૂર્યગ્રહણ (ભારતમાં નહી દેખાય તેથી પાળવાનું નથી) |
| અષાઢ સુદ | | | |
| ૧૪ | શની | ૨ | રથયાત્રા (પુષ્ય નક્ષત્ર આજે સૂર્યોદયથી મધ્યાહ્ન ક.૧૫.૦૦ પર્યન્ત રહે છે). |
| ૧૬ | સોમ | ૪ | સૂર્ય કર્કમાં ક. ૨૨-૨૮ થી. |
| ૧૭ | મંગળ | ૫ | શ્રી દ્વારિકાધીશ પ્રભુ (કાંકરોલી) નો પાટોત્સવ. વર્ષા ઋતુ આરંભ. |
| ૧૮ | બુધ | ૬ | કસુંબા છઠ, ષષ્ઠી પંડગૂ, શ્રીમહાપ્રભુજી ના પિતૃચરણ શ્રી લક્ષ્મણ ભટ્ટજીનો ઉત્સવ, નાથદ્વારાસ્થ વર્તમાન ગો. નિલકાયત આચાર્યવર્ય પૂ.પા. ૧૦૮ શ્રી રાકેશકુમારજી (શ્રી ઇન્દ્રદમનજી) મહારાજશ્રી ગાદીયે બિરાજયા તેનો ઉત્સવ. |
| ૨૨ | રવિ | ૧૦ | વેગણ દશમી (વેગણના બનેલા વિવિધ વ્યંજનો આજે શ્રી પ્રભુને ભોગમાં ધરવા, આજ પછીથી કાર્તક સુદ ૧૦ સુધી વેગણ ભોગમાં આવે નહી). |
| ૨૩ | સોમ | ૧૧ | દેવશયની એકાદશી વ્રત, ચાતુર્માસ્ય નિયમ પ્રારંભ (જો એકાદશીએ નિયમ ન લેવાય તો અષાઢ સુદ પૂનમે લેવો). |
| ૨૭ | શુક્ર | ૧૫ | અન્વાધાન, ગુરુપૂર્ણિમા, વ્યાસપૂર્ણિમા, પર્વાત્કમ ઉત્સવ, સંન્યાસીના ચાતુર્માસ્ય આરંભ, (જો આજે નિયમ લેવામાં આવે તો તેની સમાપ્તિ કાર્તમ સુદ પૂનમે કરવી અને જો દેવશયની એકાદશીએ નિયમ લેવામાં આવે તો તેની સમાપ્તિ કાર્તક સુદ દ્વાદશીએ કરવી), ખગ્રાસ ચન્દ્રગ્રહણ (ભારતમાં દેખાશે) |
| અષાઢ વદ | | | |
| ૨૮ | શની | ૧ | ઇષ્ટિ, હિંદોલા પ્રારંભ |

साभार-वल्लभ विट्ठल ग्रंथ प्रकाशन मंडल ट्रस्ट



SARASWATI TEXTILES
H.NO.33, GALA NO.105, NEW KANERI,
PADMANAGAR, FULEWADI COMPOUND ,
BHIWANDI- 421302

Haresh V Kukreja
Mobail no
8879358237.9323808748

# बदलता मौसम और हमारी जिम्मेदारी

कल्पना कटारे

सामान्य मौसम स्थानीय और अल्पकालिक होता है, मान लीजिये कि आप कश्मीर में हैं और वहां बर्फ गिर रही है तो उस मौसम और बर्फ का असर सिर्फ कशमीर और उसके आस पास के स्थानों में ही रहेगा सिर्फ उन स्थानों में ही ठंड बढेगी। जबकि जलवायु की अवधि लम्बी होती है और ये एक छोटे से स्थान से संबंधित नहीं है। मनुष्य जाति के द्वारा जलवायु में जो मुख्य परिवर्तन हुऐ वह हैं 'पृथ्वी के ताप मान में वृद्धि और मौसम में असामान्य परिवर्तन' जिसे ग्लोबल वार्मिंग के नाम से सभी जानते हैं। यह ऐसी समस्याओं में सुमार हो चुका है जिसका सामना आज पूरी दुनिया कर रही है। यह बात एक आम आदमी समझ नहीं पाता, यह शब्द थोड़ा टेक्नीकल लगता है। उसलिये हम तह तक नहीं जाते और इसे एक वैज्ञानिक समस्या मान कर छोड़ दिया जाता है। हम में से ज्यादातर लोगों को लगता है कि फिलहाल संसार को इससे कोई खतरा नहीं है जबकि वैज्ञानिकों ने इसको २१वी शताब्दी का सबसे बड़ा खतरा बताया है। यह खतरा तृतीय विश्व युद्ध या किसी क्षुद्रग्रह (एस्टेरॉड) के पृथ्वी से टकराने से भी बडा माना जा रहा है।

जिस प्रकार हमारे वातावरण का तापमान बढ रहा उसका समाधान किसी एक के करने से नहीं होने वाला। पर यही सोच कर सब अपनी जिम्मेदारी से भागते रहे कि मेरे अकेले के करने से करने से क्या होगा !! तब तो बूंद बूंद को तरसता जीवन हमारे सामने होगा। मनुष्य अपनी जरूरत के नाम पर पृथ्वी से संसाधनों का दोहन जिस तीव्रता से कर रहा उसका परिणाम इससे भयानक क्या हो सकता है कि जीव मात्र की मूलभूत आवश्यकता पानी और वायु ही अति अल्प मात्रा में और दूषित मिलें! मौसम की बदलाहट ऐसी कि कब कौन सा मौसम अपना रंग दिखाने लग जाये पता ही नहीं चलता। कहीं अतिशय बारिश से बाढ़ की स्थिति तो कहीं सूखा की समस्या। दूसरी तरफ समुद्र का बढ़ता जल स्तर अलग चेतावनी दे रहा है जो तटीय स्थल को इंच इंच लील रहा है। क्योंकि बढ़ते तापमान से ग्लेशियर पिघल रहे हैं।

प्रकृति का दोहन मानव इस प्रकार कर रहा जैसे आने वाली पीढ़ियों के लिये कुछ सलामत नहीं छोडना चाहता हो। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग सुबिधा भोगिता के लिये नहीं अपितु आवश्यकता के लिये है, जिसका असंयमित रूप से दोहन हो रहा लेकिन संतुलन के लिये अपेक्षित भागीदारी देने कोई तैयार नहीं। हमें समझना होगा कि प्रकृति जब कोप करती है तब हम सभी पर समान प्रभाव होता है अत:सभी इस कोप भाजन से बचने अपनी थोडी थोडी भागीदारी जिम्मेदारी से निभाऐं तो अभी भी स्थिति बदल सकती हैं।

ग्लोबल वार्मिंग का सबसे बडा कारण ग्रीनहाउस गैस है। जो गर्मी और ऊष्मा को अपने अंदर सोख लेती हैं। ग्रीनहाउस गैस कार्बनडाई ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, मीथेन, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन के हवा में अनुपात से अधिक मात्रा में होने पर कही जाती है। ग्रीन हाउस गैसों का इस्तेमाल सामान्यत: अधिक सर्द इलाकों में उन पौधों को गर्म रखने के लिये किया जाता है जो अत्यधिक सर्दी से खराब हो जाते हैं। ऐसे में इन पौधों को काँच के घर में रख कर ग्रीनहाउस गैस भर दी जाती है। यह गैस सूरज से आने वाली किरणों की गर्मी सोख लेती है और पौधों को गर्म रखती है। अधिक लाभ के लिये इस तकनीक का अंधाधुंध उपयोग समस्या का कारण बनता है। यही प्रक्रिया पृथ्वी के साथ होती है। सूरज से आने वाली किरणों की गर्मी की कुछ मात्रा को पृथ्वी द्वारा सोख लिया जाता है। अगर इन गैसों का अस्तित्व न होता तो पृथ्वी पर तापमान वर्तमान से काफी कम होता अर्थात ये थोडी मात्रा में आवश्यक भी हैं परंतु असंतुलन से तापमान अधिक होता जाता है। इस असंतुलन को सुधारने के समुचित प्रयास ही आज की मांग है।

सच्चा धार्मिक संतोषी और अपरिग्रही होता है जो स्वाभाविक ही आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह नहीं करेगा और जितने अधिक लोग अपने जीवन में धर्म उतारेंगे उतना ही प्रकृति का रक्षण हो सकेगा। इस प्रकार अपने धर्म से जुडाव भी इसमें हमारी बहुत बडी सहायता करता है। सनातन धर्म में वृक्षों, नदियों, पर्वतों को पूज्य माना जाता है, प्रत्यक्ष रूप से एक धार्मिक व्यक्ति इनका दुरुपयोग नहीं करता बल्कि हर संभव रक्षा को तत्पर रहता है। हमारी संस्कृति में जिन वृक्षों की पूजा की जाती है उन्हें अपने आसपास लगाना और पूरे साल उनकी देख भाल करना पूजा का उत्तम प्रकार है। हम अपने बच्चों को भी उनके जन्मदिन पर वृक्ष उपहार में देकर इस संस्कार की नीव रख कर पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बना सकते हैं।

पर्यावरण संतुलन में लाने का एकमात्र उपाय वृक्ष हैं। प्रतिव्यक्ति एक वृक्ष भी लगाया जाये तो जंगल हरे भरे हो सकते। जो वृक्ष नहीं लगा सकते वो कुछ छोटे उपाय अपना कर अपनी भागीदारी वातावरण सुधार में सुनिश्चित कर सकते हैं...

१) एक से अधिक दैनिक समाचारपत्र न लें।
२) प्लास्टिक की थैली के स्थान पर कपडे/कागज की थैली उपयोग कर।
३) यथासंभव ए.सी. का उपयोग कम कर, उपयोग के समय पर ए. सी. का तापमान २६ डिग्री से कम न रख कर।
४) अनावश्यक बिजली का इस्तेमाल रोक कर।
५) कम दूरी के लिये वाहन का उपयोग न कर के।
६) रेनवॉटर हार्वेस्टिंग तकनीकी के द्वारा वर्षा जल को पृथ्वी में रोपण कर।
७) नदी तालाबों को प्रदूषित होने से बचा कर।



